दोनों पक्षों ने कहा कि विशेषकर व्यापार और निवेश के क्षेत्र में भारत- यूरोपीय संघ के सम्बन्धों का पूर्ण लाभ उठाने के लिए संसदीय संपर्क में और वृद्धि करना महत्वपूर्ण है

लोक सभा अध्यक्ष ने कोविड -19 महामारी के कारण यूरोपीय संघ के देशों में नागरिकों की मृत्यु पर शोक जताया और इस महामारी से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए वैश्विक स्तर पर कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया।

नई दिल्ली, 13 जनवरी, 2021: लोक सभा अध्यक्ष और यूरोपीय संसद के अध्यक्ष महामहिम श्री डेविड सासोली ने 13 जनवरी, 2021 को एक वर्चुअल बैठक की।

लोक सभा अध्यक्ष ने कोविड -19 महामारी के कारण यूरोपीय संघ के देशों में नागरिकों की मृत्यु पर शोक जताया और इस महामारी से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए वैश्विक स्तर पर कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया।

दोनों पक्षों ने विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्रों के बीच परस्पर सहयोग और सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए संसदीय संपर्क के महत्व का उल्लेख किया। उन्होंने कोविड-19 महामारी और जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों पर भी चर्चा की।

लोक सभा अध्यक्ष और यूरोपीय संसद के अध्यक्ष ने यह भी कहा कि विशेषकर व्यापार और निवेश के क्षेत्र में भारत- यूरोपीय संघ के सम्बन्धों का पूर्ण लाभ उठाने के लिए संसदीय संपर्क में और वृद्धि करना महत्वपूर्ण है।